'ऑनलाइन राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन'

शाहाबाद मारकंडा, 18 अगस्त (मदन): आर्य कन्या महाविद्यालय में आई.सी.टी. टूल्स फॉर ई-कंटेंट डिवैलपमैंट विषय पर आयोजित 3 दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला का आज समापन हुआ। कार्यशाला का आयोजन एफ.डी.पी. स्वयं यू.जी.सी. सेल्स द्वारा किया गया। कार्यशाला के प्रथम तकनीकी सत्र में विजज्म वर्ल्ड स्कूल कुरुक्षेत्र के प्रवीण शर्मा मुख्य वक्ता थे। उन्होंने शिक्षक और एडुपॉडकास्ट विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। कालेज की प्राचार्या सुनीता

ऑनलाइन कार्यशाला में भाग लेते प्रतिभागी। (आजाद)

पाहवा ने मुख्य वक्ता तथा अन्य राज्यों से ऑनलाइन जुड़े प्रतिभागियों का स्वागत किया। द्वितीय सत्र में मुख्य वक्ता प्रवीण शर्मा ने ग्राफिक्स एंड स्मार्ट डिजाइनिंग यूसिंग कैनवा विषय पर व्याख्यान दिया। मंच का संचालन डा. हेमा सुखीजा ने किया। समापन सत्र में मुख्यातिथि प्रो. डा. दिनेश कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय रहे। डा. प्रियंका सिंह ने समापन सत्र में कार्यशाला के तीनों दिनों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की।

डा. पूनम सिवाच ने समापन सत्र का मंच संचालन किया। कार्यशाला में यू.पी., हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, तेलंगना, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल के लगभग 98 प्रतिभागियों ने भाग लिया।